RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 141 • 03:06:2024 • सोमवार • मूल्य : 5/-

## ओडिशा और बंगाल में 4 जून के बाद भी रुकें सुरक्षा बल

● चुनाव बाद हिंसा को रोकने के लिए ईसी ने लिया बड़ा फैसला

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव अब भले ही खत्म हो गए हों लेकिन उनके बाद भी किसी तरह की हिंसा या उपद्रव की स्थिति ने बने इसे लेकर चुनाव आयोग ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। आयोग ने पश्चिम



बंगाल और ओडिशा में 4 जून को होने वाली मतगणना के बाद भी 15 दिनों तक पर्याप्त सुरक्षा बलों की तैनाती के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश, ओडिशा, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश को मतगणना के बाद लगभग 48 घंटो तक सुरक्षा बल उपलब्ध कराने के भी सख्त आदेश हैं। बता दें की चुनावों के दौरान हिंसा के मामले सामने आए थे,जहां चुनावी प्रक्रिया में बाधा डालने की कोशिश की गई।

## रवीना का मारपीट के आरोप लगाने वाली महिला से समझौता

● दावा-ड्राइवर को भीड़ से बचाने के दौरान हाथापाई हुई, एक्ट्रेस नशे में नहीं थीं

मुंबई (एजेंसी)। शनिवार रात को हुई एक घटना में एक्ट्रेस रवीना टंडन और उनके ड्राइवर पर शराब के नशे में एक बुजुर्ग महिला से मारपीट करने के आरोप लगे थे। पुलिस के सूत्रों की मानें तो दोनों पक्षों के बीच अब समझौता हो गया है। दोनों पक्षों की तरफ से यह लिखित में दिया गया है कि उन्हें अब एक-दूसरे से कोई शिकायत नहीं है। यह भी जानकारी मिली है कि घटना के वक्त रवीना नशे में नहीं थीं। सीसीटीवी फुटेज में भी साफ नजर आ रहा है कि रवीना की कार से किसी को कोई चोट नहीं लगी है। बल्कि भीड़ रवीना के घर के अंदर तक घुसी थी और वहां दोनों पक्षों में हाथापाई हुई। बताया जा रहा है कि रवीना और उनके ड्राइवर के ऊपर भीड़ आक्रामक हो गई थी जिसके बाद रवीना ने अपने ड्राइवर को बचाने की कोशिश की और



इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच हाथापाई हुई। इससे पहले पीड़िता के बेटे ने दावा किया था कि मुंबई के बांद्रा में कॉलेज के पास उनकी मां को रवीना की गाड़ी से चोट लग गई।

## बद्रीनाथ धाम में भक्तों को अब नहीं मिलेगी वन तुलसी

**औषधीय गुणों से है भरपूर यह औषधि, अब विलुप्ति के कगार पर**

देहरादून (एजेंसी)। बदरीनाथ धाम में दर्शन करने को जा रहे तीर्थ यात्रियों को जोरदार झटका लग सकता है। उत्तराखंड में मौसम के बदलाव का असर अब ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी साफतौर से देखने को मिल सकता है।

मौसम में आ रहे बदलाव से औषधीय गुणों से भरपूर बदरीनाथ धाम में स्वतः उगने वाली वन तुलसी अब विलुप्ति के कगार पर है। प्रसाद बेचने वाले अब लामबगड़, हनुमान चट्टी, पांडुकेश्वर, बडागांव और उदगम घाटी से वन तुलसी के पत्ते मंगवाकर माला तैयार कर रहे हैं। 10500 फिट की ऊंचाई पर स्थित बदरीनाथ धाम में पाई जाने वाली वन तुलसी की माला से भगवान बदरी विशाल का श्रृंगार किया जाता है। इस वर्ष भी बदरीनाथ धाम और आस पास



के जंगलों में तुलसी काफी कम मात्रा में उगी है। यहां पर वन तुलसी धीरे-धीरे विलुप्त हो रही है। बदरीनाथ में कई दशकों से तुलसी माला बेच रहे विनोद डिमरी का कहना है कि इस वर्ष धाम में तुलसी काफी कम मात्रा में उगी है। तुलसी माला बेचने वाले जोशीमठ क्षेत्र से तुलसी मंगवा रहे हैं। बदरीनाथ मंदिर के पूर्व धर्माधिकारी आचार्य भुवन उनियाल का कहना है कि भगवती वृंदा ही बदरीनाथ धाम में तुलसी के रूप में विराजमान हैं। वृंदा ही महालक्ष्मी हैं। बदरीनाथ उपवन सरक्षक सर्वेश कुमार दुबे कहना है कि जिस समय तुलसी उगनी शुरू होती है उस समय धाम में भारी बर्फबारी हुई थी। जिसके चलते इस वर्ष अभी तक तुलसी काफी कम उगी है। जबकि इससे पूर्व वर्षो में बर्फबारी दिसंबर-जनवरी माह में होती थी तो वन तुलसी के उगने का अवसर मिलता था लेकिन इस वर्ष फरवरी-मार्च माह में बर्फबारी हुई है। विदित हो कि 10 मई से शुरू चारधाम यात्रा में भारी संख्या में तीर्थ यात्री दर्शन करने को उत्तराखंड पहुंच रहे हैं। केदारनाथ-गंगोत्री समेत चारों धामों में भक्तों की भारी भीड देखने को मिल रही है।

## डॉक्टर ने ही दिया ब्लड सैंपल बदलने का आइडिया

● पोर्श कांड के आरोपी की मां ने किया बड़ा खुलासा

पुणे (एजेंसी)। पुणे में पोर्शे कांड के आरोपी की मां को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसने पुलिस से पूछताछ में कबूल कर लिया है कि उसने ब्लड सैंपल के नमूनों से छेड़छाड़ की थी और बेटे के बजाय अपने सैंपल



जमा कर दिए थे। अब महिला का दावा है कि अस्पताल के डॉक्टरों ने ही उसे सैंपल बदलने का आइडिया दिया था। पुलिस ने अपनी जांच के तौर पर नाबालिग से उसकी मां की मौजूदगी में उस सुधार गृह में एक घंटे तक पूछताछ की, जहां उसे पांच जून तक रखा गया है। पुणे पोर्श कांड में लगातार खुलासे हो रहे हैं।

# चुनाव की काउंटिंग से पहले ऐक्शन में प्रधानमंत्री मोदी

**भीषण गर्मी को लेकर की बैठक, बाढ़ की भी की समीक्षा**

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण का मतदान संपन्न होने के अगले ही दिन रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को पूर्वोत्तर के राज्यों में बाढ़ और देशभर में भीषण गर्मी की स्थिति की समीक्षा की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने यह भी बताया कि इन बैठकों के बाद प्रधानमंत्री 100 दिन के कार्यक्रम के एजेंडे की समीक्षा के लिए एक लंबे मंथन सत्र में भी भाग ले रहे हैं। मालूम हो कि चार जून को लोकसभा चुनाव में पड़े वोटों की काउंटिंग होनी है। अधिकारियों के मुताबिक, प्रधानमंत्री की सबसे पहली बैठक पूर्वोत्तर में चक्रवात रेमल के बाद उत्पन्न हुई बाढ़ की स्थिति को लेकर हुई। उन्होंने विभिन्न विभागों के शीर्ष अधिकारियों के साथ मौजूदा स्थिति की समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने देश में भीषण गर्मी और लू की स्थिति को लेकर हुई एक समीक्षा बैठक की भी अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री



बड़े पैमाने पर विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की तैयारियों की समीक्षा के लिए भी एक बैठक में शामिल होने वाले हैं। विश्व पर्यावरण दिवस पांच जून को मनाया जाता है।

### सरकार बनते ही बड़े फैसले लेंगे पीएम मोदी

चुनाव प्रचार में व्यस्त होने से पहले ही प्रधानमंत्री मोदी ने अधिकारियो को होमवर्क दे दिया था। उन्होंने कहा था कि मोदी सरकार 3.0 के पहले 100 दिनों के फैसलों का काम पूरा कर लिया जाए। प्रधानमंत्री मोदी ने अधिकारियों को बता दिया था कि पहले 100 दिनों ही कई बड़े फैसले लिए जाएंगे। इसके लिए 2029 का इंतजार नहीं करना है। ऐसे में माना जा रहा है कि अधिकारियों ने पहले 100 दिन के मोदी सरकार के फैसलों का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। माना जा रहा है कि अगस्त 2024 तक सरकार बड़े फैसले लेगी। सरकार बनने के बाद जुलाई में यूनियन बजट पेश किया जाएगा। हालांकि अभी चुनाव का परिणाम आना बाकी है। चुनाव की वजह से इस बार फरवरी में अंतरिम बजट पेश किया गया था। नई सरकार बनने के बाद सबसे पहले प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्कार और एनएसए अजित डोभाल की नियुक्ति हो सकती है। एक महीने के अंदर ही नए आर्मी चीफ और इंटेलीजेंस ब्यूरो के डायरेक्टरों की भी नियुक्ति की जा सकती है।

## मूसेवाला का गाना सुनो सब पता चल जाएगा

● इंडिया अलायंस कितनी सीट जीतेगी पर राहुल गांधी का आया जवाब

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव 2024 के रिजल्ट से तीन दिन पहले एग्जिट पोल सामने आए। तमाम चैनलों के सर्वे ने भाजपा के पूर्ण बहुमत की भविष्यवाणी की है। कई सर्वे में एनडीए के 400 पार का नारा भी मुमकिन दिख रहा है। हालांकि सर्वे को झूठ बताते हुए इंडिया गठबंधन का दावा है कि 4 जून को मोदी सरकार नहीं बनने वाली। रविवार को इंडिया गठबंधन की मीटिंग के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मीडिया के सामने आकर दावा किया कि



इंडिया गठबंधन की जीत निश्चित है। राहुल गांधी से जब पूछा गया कि उन्हें कितनी सीट जीतने का अनुमान है। जवाब में राहुल ने कहा- आपने सिद्धू मूसेवाला का गाना सुना है, उतनी। कांग्रेस नेता ने एग्जिट पोल की भविष्यवाणी को पूरी तरह से नकार दिया है। उन्होंने कहा, यह एग्जिट पोल नहीं है, मोदी मीडिया पोल है। यह उनका फैंटेसी पोल है।

## 10 साल में छठी बार चुनाव हारे पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया

● सिक्किम चुनाव में एसकेएम के रिक्शल धोरजी ने दी शिकस्त

नई दिल्ली (एजेंसी)। सिक्किम और अरुणाचल में विधानसभा चुनाव के नतीजे आ गए हैं। शुरुआती रुझानों की बात करें तो सिक्किम में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) क्लीन



स्वीप कर आ रही है। इस बीच भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया चुनाव हार गए हैं। उन्हें सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के रिक्शल धोरजी ने 4346 वोटों से हरा दिया है। यह 10 सालों में बाइचुंग भूटिया की छठी हार है। बाइचुंग भूटिया ने 2018 में अपनी खुद की हमरो सिक्किम पार्टी बनाई थी, लेकिन पिछले साल इस पार्टी का पवन कुमार चामलिंग की सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) के साथ विलय कर दिया था। फिलहाल वह सिक्किम की मुख्य विपक्षी पार्टी एसडीएफ पार्टी में वाइस प्रेसीडेंट के पद पर हैं।

## कांग्रेस ने वोट 'काउंटिंग' के नए नियमों को बताया बड़ी धांधली

● पार्टी ने कहा-यह 'ईवीएम से भी बड़ी धांधली', चुनाव आयोग ने दिया जवाब

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस ने वोटों की गिनती के दौरान असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफीसर (एआरओ) की टेबल पर उम्मीदवारों के मतगणना एजेंट को अनुमति नहीं देने पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय माकन ने शनिवार को सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए नाराजगी जताई। उन्होंने इस पोस्ट में लिखा, उम्मीदवारों के काउंटिंग एजेंट्स को एआरओ के टेबल पर पहली बार अनुमति नहीं दी जाएगी। मैंने पहले न लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ें हैं, लेकिन ऐसा पहली बार हो रहा है।

अगर यह सच है, तो यह कथित ईवीएम धांधली से भी बड़ा है! मैं सभी उम्मीदवारों के लिए इस मुद्दे को उठा रहा हूं! मुझे उम्मीद है कि चुनाव आयोग इसे जल्द ही ठीक करेगा। इसमें उन्होंने चुनाव आयोग के ऑफिशियल हैंडल को टैग भी किया। माकन यह ट्वीट शनिवार को लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण के वोटिंग के समाप्त होने के बाद किया था।

## तिहाड़ पहुंचे केजरीवाल, किया सरेंडर

**आधे घंटे बाद कोर्ट ने 5 जून तक न्यायिक हिरासत में भेजा; बोले-पता नहीं कब वापस आऊंगा**



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार की शाम 5 बजे तिहाड़ जेल में सरेंडर किया। इससे पहले वे आम आदमी पार्टी के दफ्तर गए और कार्यकर्ताओं से मिले। उन्होंने कहा,मैं देश बचाने के लिए जेल जा रहा हूं।

मुझे नहीं पता कब वापस आऊंगा। वहां मेरे साथ क्या-क्या होगा, मुझे नहीं पता। दिल्ली सीएम ने कहा, 2024 लोकसभा चुनाव के एग्जिट पोल कल सामने आए। लिखकर ले लीजिए, ये सभी एग्जिट पोल फर्जी हैं। एक एग्जिट पोल ने राजस्थान में बीजेपी को 33 सीटें दी थीं, जबकि वहां सिर्फ 25 सीटें हैं। असली मुद्दा यह है कि उन्हें ऐसा क्यों करना पड़ा उन पर दबाव बनाया गया होगा। कोर्ट ने ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया।

● मैं देश के लिए फांसी पर चढ़ने के लिए भी तैयार हूं

पार्टी दफ्तर पहुंचे केजरीवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा,मैं आज इसलिए जेल नहीं जा रहा कि मैंने कोई भ्रष्टाचार किया है। मैं इसलिए जेल रहा हूं क्योंकि मैंने तानाशाही के खिलाफ आवाज उठाने की हिम्मत की है। मैंने इन 21 दिनों में एक मिनट भी जाया नहीं किया। मुझे नहीं पता कि अब मैं कब वापस आऊंगा, लेकिन मुझे कोई परवाह नहीं है। मेरे खून की एक एक बूंद इस देश के लिए है। मैं देश के लिए फांसी पर चढ़ने के लिए भी तैयार हूं। उन्होंने आगे कहा, 4 तारीख को मंगलवार है। भली करेंगे बजरंगबली। तानाशाहों का नाश करेंगे। अपनी किसी व्यक्ति विशेष से कोई दुश्मनी नहीं है। अपनी दुश्मनी तानाशाही से है। सारे एग्जिट पोल फर्जी हैं। आप मुझसे लिखवा कर रख लो। तब भी आपको आखिर तक वहीं टिके रहना है।

## पंजाब में दो मालगाड़ियां आपस में टकराई, बड़ा हादसा टला

● इंजन उछलकर पैसेंजर ट्रेन में घुसा,हादसे में दिखा भयानक मंजर

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पंजाब में रविवार सुबह बड़ा रेल हादसा हो गया। फतेहगढ़ साहिब में सरहिंद के माधोपुर के पास सुबह दो मालगाड़ी आपस में टकरा गईं। इसके बाद मालगाड़ी का इंजन खुलकर दूसरी से टकराया और पलटकर अंबाला से जम्मू तवी की तरफ जा रही पैसेंजर ट्रेन समर स्पेशल में फंस गया। हादसे में मालगाड़ी की बोगियां एक-दूसरे पर चढ़ गईं। हादसे से ट्रेन में सवार सैकड़ों यात्रियों में चीख पुकार मच गई। अभी तक की जानकारी के अनुसार हादसे में दो लोको पायलट घायल हुए हैं। दोनों को राजिंद्रा अस्पताल पटियाला रेफर किया गया है। पंजाब रेल हादसे के बाद अंबाला से लुधियाना अप लाइन ठप हो गई है और बड़ा हादसा टल गया।

## शाह के 'मिशन 120' ने किया बीजेपी को बम-बम

**हर संभावित नुकसान की भरपाई! बीजेपी के चाणक्य ने कर दिया 'खेला**

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव को लेकर एग्जिट पोल्स के आंकड़े जारी कर दिए गए हैं। ज्यादातर एग्जिट पोल्स ने एक बार फिर मोदी सरकार की भविष्यवाणी कर दी है। सिर्फ जीत दर्ज नहीं हो रही है, बल्कि अनुमान तो प्रचंड बहुमत का लगाया गया है। इस बार तो पीएम मोदी का 400 पार वाला लक्ष्य भी सही साबित होता दिख रहा है। अब जब एग्जिट पोल्स के आंकड़े सामने आ गए हैं, उसका विश्लेषण भी शुरू कर दिया गया है। इसी विश्लेषण का एक आधार है अमित शाह का बीजेपी के लिए रहा मिशन 120। असल में 2017 में अमित शाह ने 2019 के लोकसभा चुनाव के लिए एक रणनीति तैयार की थी। उसी रणनीति के तहत पार्टी ने कुल 120



ऐसी सीटों को टारगेट किया जहां पर उसे हार मिली, लेकिन जीतने की उम्मीद भी दिख गई। इसी वजह से अमित शाह ने तब प्लान तैयार कि ऐसी तमाम सीटों पर केंद्र के मंत्री लगातार दौरा करेंगे, कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित किया जाएगा और सरकार की योजनाओं को जमीन पर अमलीजामा भी पहनाने की कोशिश होगी। इन 120 सीटों में दक्षिण भारत की सीटें शामिल थीं और पूर्वोत्तर को भी टारगेट किया गया था। लेकिन 2019 के चुनाव में बीजेपी ने अपना आंकड़ा तो बढ़ाया, लेकिन इन 120 सीटों पर उसकी स्थिति कुछ खास नहीं सुधरी, दक्षिण में विस्तार करने का उसका सपना अधूरा रह गया था और पूर्वोत्तर में भी वो क्षेत्रीय पार्टियों के सहारे आगे बढ़ती रही लेकिन अब पांच साल बाद वही मिशन 120 वाली रणनीति जमीन पर अपना असर दिखा रही है। एग्जिट पोल्स तो जरूर इस ओर इशारा करते दिख रहे हैं। समझने वाली बात यह है कि दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर की सीटों को अगर मिला दिया जाए तो कुल 218 सीटें बैठती हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में बीजेपी और उसके सहयोगी दलों ने इन 218 सीटों में से 73 पर जीत दर्ज की थी।

## क्या स्टेशन चौक की जाम हटाने का क्या कोई समाधान नहीं है

**आम लोगों के जुबान पर यह सवालिया बात रहती है, कि क्या प्रशासन के पास स्टेशन चौक के जाम की समस्या हटाने का कोई समाधान नहीं है**

चाणक्यभूमि बेतिया

**बेतिया।** शहर के व्यस्ततम स्थानों में स्टेशन चौक है। जहां प्रतिदिन सुबह से लेकर रात्रि लगभग 9 बजे तक जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम का आलम यह होता है, कि कभी-कभी तो देर समय तक इस तपती धूप में लोग से रह जाते हैं। इमरजेंसी स्वास्थ्य सेवा वाली वाहन एम्बुलेंस के सायरन का भी यहां असर नहीं पड़ता। आम लोगों के जुबान पर यह सवालिया बात रहती है, कि क्या प्रशासन के पास स्टेशन चौक के जाम की समस्या हटाने का कोई समाधान नहीं है। कभी-कभी तो लोगों को रोते और छटपाटते हुए देखा गया है, कि जाम में



फंस जाने के कारण वे स्टेशन तक पहुंच नहीं पाते और उनकी ट्रेनें छूट जाती है। स्टेशन चौक पर जाम लगने का कारणों में मुख्य कारण पांच राही येना है। यानि कि चौक पर बानुछापर, स्टेशन, छावनी, हरिवारिका, कलेक्टरीएट चौक से आनी वाली सड़कें एक साथ जुटती है। और इन पांचों मार्गो में आवाजाही की स्थिति बराबर की है। वहीं यातायात पुलिस द्वारा दो कटमार्गीय व्यवस्था लम्बाई मे की गयी है। जहाँ से वाहनों को मुड़ने में समय लगता है। एक और मुख्य कारण यह भी है कि सड़क के दोनों दिशाओं में अतिक्रमण का प्रभाव हैं तथा छावनी कि ओर जाने वाली सवारी बसें वहीं खड़ा करके पैसेंजर का इंतजार करने लगती हैं

## संक्षिप्त समाचार

### EVM मशीन ले जा रहे दरोगा की मौत, पटना एम्स में इलाज के दौरान दम तोड़ा, चुनाव में लगाई गई थी ड्यूटी

**पटना।** लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के मतदान के बाद चुनावी ड्यूटी के दौरान ईवीएम मशीन ले जा रहे दरोगा की इलाज के दौरान पटना एम्स में मौत हो गई। घटना के बाद उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स में रखा गया है। घटना की पुष्टि नवादा थाना के कौवाकोल के प्रभारी प्रदीप कुमार ने की है। कौवाकोल थाने में पदस्थापित दरोगा राम भजन सिंह को चुनावी ड्यूटी के लिए औरंगाबाद में लगाया गया था। ड्यूटी खत्म करने के बाद राम भजन सिंह एवं मशीन लेकर जा रहे थे। इस दौरान अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। इलाज के लिए राम भजन सिंह को औरंगाबाद अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना एम्स ले जाने की सलाह दी। डॉक्टर के सलाह पर राम भजन सिंह को इलाज के लिए पटना एम्स में



भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान रविवार की सुबह अचानक उनकी मौत हो गई। दरोगा राम भजन सिंह के बड़े पुत्र अमित कुमार सिंह ने बताया कि औरंगाबाद में चुनाव खत्म होने के बाद उनके पिता राम भजन सिंह आरक्षी के साथ ईवीएम मशीन लेकर दाउदनगर जा रहे थे। पेट्रोल पंप पर तेल भराने के लिए रुके तो उनकी तबीयत खराब होने लगी और चक्कर खाकर वे वहीं गिर पड़े। आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए औरंगाबाद के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। अमित कुमार सिंह ने बताया कि तेज धूप और लू के कारण उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। इलाज के लिए एम्स भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### एग्जिट पोल के आंकड़ों से बीजेपी उत्साहित, कार्यकर्ताओं ने लड्डू बनाने का दिया का ऑर्डर



**पटना।** एक्जिट पोल के अनुसार देश में फिर से तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने जा रही है। बीजेपी के कार्यकर्ता इसे लेकर काफी उत्साहित हैं। पटना में रविवार को पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कदमकुआं स्थित मिठाई दुकान में एक क्विंटल लड्डु बनाने का ऑर्डर दिया है। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कृष्णा सिंह उर्फ कल्लू ने कहा कि एनडीए के पक्ष में जो एक्जिट पोल आया है। उसी के आधार पर 4 जून के लिए जोधपुर लड्डू बनाने का ऑर्डर दिया है। उस दिन सभी व्यस्त रहेंगे। समय नहीं मिलेगा, इसलिए आज ही हमलोगों ने ऑर्डर दे दिया है। बिहार में एनडीए 40 सीट जीतने जा रही है। विपक्ष का खाता नहीं खुलेगा। वहीं, मिठाई दुकान के हेड कैशियर अंकित कुमार ने कहा कि 1 क्विंटल जोधपुर लड्डू बनाने का ऑर्डर मिला है। जिसकी कीमत 62000 रुपए है। प्रति किलो 620 रुपए पड़ रहा है। लड्डू शुद्ध देसी घी में तैयार किया जाएगा। डिलीवरी 4 जून की सुबह 10 बजे देना है।

### CBSE 10वीं-12वीं सप्लीमेंट्री परीक्षा के लिए आवेदन शुरू, 300 रुपए प्रति विषय देना होगा शुल्क

**पटना।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) द्वारा 10वीं और 12वीं सप्लीमेंट्री परीक्षा के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। केवल वे छात्र जिनका नाम ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से जमा किया गया है। वे ही सीबीएसई सप्लीमेंट्री एग्जाम 2024 में शामिल हो पाएंगे। बोर्ड ने कहा कि सीबीएसई सप्लीमेंट्री एग्जाम में शामिल होने वाले छात्रों से संपर्क करना स्कूलों की जिम्मेदारी है। स्टूडेंट्स सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट cbse.gov.in पर जाकर सप्लीमेंट्री एग्जाम के लिए आवेदन 15 जून तक कर सकते हैं। दसवीं और बारहवीं में एक या दो विषयों में असफल छात्र सप्लीमेंट्री परीक्षा के लिए अप्लाई कर सकते हैं। सप्लीमेंट्री परीक्षा के लिए भारत के छात्रों को प्रति विषय 300 रुपए का शुल्क देना होगा। वहीं, लेट होने पर छात्रों को निर्धारित शुल्क के अलावा 2000 रुपए का जुर्माना देना होगा। लेट फाइन के साथ आवेदन 16 और 17 जून को लिए जाएंगे। इसके अलावा दृष्टिबाधित छात्रों को परीक्षा शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है। सीबीएसई द्वारा जारी सप्लीमेंट्री शेड्यूल के अनुसार, कक्षा 12 के लिए सभी विषयों की सप्लीमेंट्री एग्जाम एक ही दिन यानी 15 जुलाई को आयोजित की जाएगी, जबकि बोर्ड कक्षा 10 की सप्लीमेंट्री एग्जाम 15 जुलाई से शुरू होंगे। बोर्ड जल्द ही सप्लीमेंट्री एग्जाम का एडमिट कार्ड जारी करेगा।


### गोपालगंज में बारिश, 14 जिलों में ऑरेंज अलर्ट, 40 KM/H की रफ्तार से चल सकती है हवा

**पटना।** बिहार में भीषण गर्मी के बीच अब मौसम विभाग की ओर से राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। विभाग ने 4 जून तक प्रदेश के कई जिलों में बारिश होने की संभावनाएं जताई है। आज 14 जिलों में बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। तेज बारिश के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। वहीं पांच जिलों में लू का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं गोपालगंज में रविवार की सुबह बारिश हुई। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली।

**सामान्य से कम होगी बारिशः** पटना मौसम केन्द्र के वैज्ञानिक एसके पटेल के जून में बिहार में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। साथ ही बारिश भी सामान्य या इससे कम होने का पूर्वानुमान है। मानसून के बिहार में दस्तक देने से पहले अधिकतम तापमान में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। यही नहीं, बिहार के दक्षिण के जिलों में 3 से 5 दिन तक लू भी चल सकती है। केरल तट पर मानसून ने दस्तक दे दिया है। यही नहीं उत्तर-पूर्व राज्यों में भी मानसून की पहली बौछार हो गई है। इससे यह कयास लगाया जा रहा है कि बिहार में मानसून जून के दूसरे सप्ताह में आ सकता है। मौसम विभाग के मुताबि रविवार पांच जिलों में लू चलने की आशंका जताई गई है। इसके साथ ही अन्य सभी जिलों में गर्म दिन रहने के साथ बारिश की संभावना जताई है।

### चर्च में पूजा का आयोजन हुआ बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल

**चाणक्य भूमि बेतिया ।** शुक्रवार को चर्च में पूजा का आयोजन किया गया इस पूजा का आयोजन माता मरियम अपनी बहन एलिजाबेथ से मिलने के अवसर पर किया जाता है। दोनों ईश्वर का गुणगान करती हैं और उनके दिए गए उपहारों के



लिए धन्यवाद देती हैं। निशा पूजा का आयोजन बेतिया पेरिस पल्ली पुरोहित फादर हेनरी के द्वारा किया गया निशा पूजा के विषय में विस्तृत रूप से फादर हेनरी द्वारा बताया गया कि मई का महीना माता मरियम का महीना होता है 1 से 31 मई तक हर दिन शाम में चर्च में लोग इकट्ठे होकर प्रर्थना करते है। 31 में को अंतिम दिन एक महा प्रार्थना के जरिए के जरिए निशा के द्वारा महीने की समाप्ति होती है।

# 27 से 30 जून के बीच होगी TRE-3, 87,722 पदों पर होनी है बहाली

**एजेंसी, पटना।**

बिहार में शिक्षक भर्ती परीक्षा-3 की तारीख आ गई है। 27 जून से 30 जून तक एक पाली में परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसको लेकर बीपीएससी ने सभी जिलों के DM को पत्र भेजा है। सभी जिलों को परीक्षा केंद्रों की सूची फाइनल करने के निर्देश दिए है। वर्ग 1 से 5, वर्ग 6 से 8, वर्ग 9 से 10 और वर्ग 11 से 12 के लिए फिर से परीक्षा होगी। सभी DM से 6 जून तक परीक्षा केंद्रों की सूची मांगी गई है। हालांकि, परीक्षा की फाइनल तिथि की घोषणा अभी नहीं हुई है। सूची प्राप्त होने पर परीक्षा तिथि में थोड़ा बदलाव हो सकता है। इस परीक्षा में कुल सवा 5 लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे। आपको बता दें कि पेपर लीक होने के बाद ये परीक्षा रद्द कर दी गई थी।

**हाईकोर्ट ने भी लगाई थी रोकः** पटना हाईकोर्ट ने 29 मई को शिक्षक भर्ती परीक्षा (TRE-3) पर रोक लगा दी थी। री एग्जाम से पहले हाईकोर्ट ने गेस्ट फैकल्टी को अनुभव के आधार पर वेटेज नहीं देने को लेकर स्टे लगाया था। TRE-3 में कुल 87,722 पदों पर भर्ती निकली थी। हाईकोर्ट ने प्लस 2 स्कूल के गेस्ट टीचर को वेटेज देने के मामले पर भी स्टे लगाया गया है। याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा है कि गेस्ट टीचर और कॉन्ट्रैक्ट टीचर के कार्य समान हैं। दोनों में कोई फर्क नहीं है। यदि आप नियोजित शिक्षकों को कार्य अनुभव पर मार्क वेटेज देते हैं तो फिर गेस्ट टीचर को वेटेज क्यों नहीं दिया जा सकता है।




♦ BPSC ने DM से परीक्षा केंद्रों की मांगी लिस्ट

**गेस्ट फैकल्टी को देना होगा वेटेजः** कोर्ट ने कहा कि गेस्ट फैकल्टी को कम से कम पांच अंक का वेटेज देना होगा। 1 साल के लिए 5 अंक 5 सालों के लिए 25 अंक का प्रावधान लागू करना होगा। गेस्ट फैकल्टी संदीप कुमार झा समेत दस लोगों ने याचिका दायर की थी, जिस पर हाईकोर्ट के जस्टिस अंजनी कुमार शरण की अदालत में सुनवाई हुई थी।

**सरकार का क्या है प्रावधानः** बिहार सरकार की नौकरियों में कॉन्ट्रैक्ट पर बहाल कर्मियों को वेटेज देने का प्रावधान है। 1 साल के लिए 5 अंक और अधिकतम 25 अंक तक का प्रावधान किया गया है। संविदा कर्मी को यह लाभ मिलता है। राज्य सरकार की तमाम नियुक्ति एजेंसियां इस प्रावधान को फॉलो करती है। बिहार के प्लस टू स्कूल समेत अन्य शिक्षण संस्थानों में गेस्ट फैकल्टी टीचर की नौकरी खत्म कर दी गई है। इस फैसले के विरोध में गेस्ट फैकल्टी सड़क पर उतरे थे। इसके बाद हाई कोर्ट में रिट याचिका दायर की थी।

**20 मार्च को रद्द हुई थी परीक्षाः** तीसरे चरण में 87,722 पदों पर वैकेंसी निकली थी। 15 मार्च को बीपीएससी ने परीक्षा लिया था। इसके बाद पेपरलीक होने के आरोप लगा। जांच के बाद 20 मार्च को बिहार लोक सेवा आयोग ने तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा को रद्द कर दिया। बीपीएससी की ओर से इसके लिए नोटिस जारी किया गया था। नोटिस में लिखा था कि आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) द्वारा लिखित सूचना दी गई कि 15 मार्च को दो पालियों में ली गई शिक्षक भर्ती परीक्षा के प्रश्न-पत्र परीक्षा के पूर्व ही संगठित गिरोह के पास पहुंच गए थे। आर्थिक अपराध इकाई द्वारा विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# पटना यूनिवर्सिटी के छात्र ने जीता गोल्ड मेडल

**एजेंसी, पटना।**

पटना यूनिवर्सिटी इन दिनों सुर्खियों में बना हुआ है। एक ओर जहां हर्ष हत्याकांड ने पीयू के दामन में दाग लगाया है, वहीं दूसरी ओर कराटा के खिलाड़ी जाबीर अंसारी ने इसका मान बढ़ाया है। दरअसल, जाबीर ने नेपाल में आयोजित 10वें अंतराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल कर देश का मान बढ़ाया है। उन्होंने कुमिते इवेंट में 75 किलोग्राम कैटेगरी में पहला स्थान प्राप्त किया है। दूसरे स्थान पर नेपाल और भूटान रहा। इस प्रतियोगिता में 7 देश के खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, भूटान, अफगानिस्तान और नेपाल शामिल था। जाबीर ने अपना पहला मुकाबला नेपाल से खेला ओर उसको हराते हुए फाइनल में जगह बनाई। दूसरी तरफ से भूटान के खिलाड़ी फाइनल में जगह बना लिए थे। जाबीर का मुकाबला भूटान से हुआ और अंतिम समय में जाबीर ने भूटान को हराते हुए देश के लिए स्वर्ण पदक जीत लिया। जाबीर ने बताया कि वह अपने कोच राहुल कुमार के साथ रोज 6 से 8 घंटे का कठिन अभ्यास करते थे। झाझा जमुई निवासी जाबीर ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी चैंपियन हैं। पिछले साल उन्होंने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में 188 यूनिवर्सिटी को पछाड़ कर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया था। फिलहाल जाबीर पटना कॉलेज में पढ़ाई कर रहे हैं, पर उनकी पहचान एक कराटे खिलाड़ी के रूप में ज्यादा है।



♦ अंतराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में बाजी मारी, जाबीर अंसारी ने 75 किलो कैटेगरी में लाया पहला स्थान

**अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जीत चुके हैं कई मेडलः** जाबीर राज्य स्तर से लेकर राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रदर्शन के आधार पर कई पदक और पुरस्कारों से सम्मानित हो चुके हैं। वह लगातार छः बार बिहार स्टेट कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता रह चुके हैं।

# शिक्षा विभाग के ACS की छुट्टी मंजूर, 3 से 30 जून तक लीव पर रहेंगे

## डॉ. एस सिद्धार्थ को मिला अतिरिक्त प्रभार

**एजेंसी, पटना।**

बिहार शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव की छुट्टी मंजूर हो गई है। केके पाठक 3 से 30 जून तक अवकाश पर रहेंगे। इस अवधि में डॉ. एस सिद्धार्थ, प्रधान सचिव, सीएम कार्यालय अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। दरअसल, बीते दिनों मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में 8 जून तक स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया था। CM के आदेश के बाद मुख्य सचिव ने सीधा DM को लेटर लिख दिया। IAS केके पाठक को साइड लाइन करते हुए DM को पत्र लिखा गया। कई जिलों के DM ने छुट्टी का आदेश भी जारी कर दिया तो कई डीएम ने आदेश नहीं निकाला। इसी बीच, केके पाठक ने आदेश को संशोधित कर शिक्षकों की ड्यूटी लगा दी। भारी गर्मी में शिक्षक स्कूल आ रहे हैं।



**केके पाठक से नाराज हैं मुख्यमंत्रीः** सीएम सचिवालय के सूत्र बताते हैं कि इस पूरे मामले में सीएम नीतीश, केके पाठक से बेहद नाराज हैं। इसी बीच केके पाठक ने EL लीव के लिए आवेदन दे दिया।

**सीएम के आदेश में हुआ था संशोधनः** बता दें कि 29 मई को भीषण गर्मी के कारण प्रदेश के विभिन्न स्कूलों में 300 से ज्यादा बच्चे बेहोश हो गए थे। जिसके बाद सीएम मुख्य सचिव को स्कूल बंद करने को लेकर निर्देश जारी करने को कहा था। नीतीश के स्कूल बंद करने के आदेश में संशोधन किया था।

# सांसद रामकृपाल के काफिला पर हमला करनेवाला गिरफ्तार, मसौढ़ी से विकास यादव को दबोचा गया

**एजेंसी, पटना।**

सांसद राम कृपाल यादव के काफिले पर हमला मामले में नामजद आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है। मसौढ़ी से विकास यादव की गिरफ्तारी हुई है। 9 नामजद और 40 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। दरअसल, पाटलिपुत्र के मौजूदा सांसद राम कृपाल यादव के काफ़िला पर मसौढ़ी में शनिवार की देर शाम फायरिंग हुई थी।

**समर्थकों के साथ मारपीट भी हुई थीः** समर्थकों से मारपीट भी की गई थी। इसमें कई समर्थक घायल हुए थे। इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसमें सांसद रामकृपाल यादव बाल-बाल बच गए थे। घटना के बाद मौके पर सिटी एसपी पूर्वी समेत अन्य कई थानों की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी थी। घटना को लेकर



मसौढ़ी थाने में अखिलेश यादव, सूरज यादव, बिट्टू यादव, विकास यादव, गौतम यादव, आदित्य यादव, सतेंद्र यादव, सौंट्टी यादव के खिलाफ नामजद मामला दर्ज किया गया था। साथ ही 40 अज्ञात पर मामला दर्ज किया गया था।

**पुलिस कर रही पूछताछः** पुलिस ने देर रात नामजद लोगों के यहां छापेमारी की थी। इसमें नामजद

♦ 9 नामजद समेत 40 अज्ञात पर मामला है दर्ज

विकास यादव को गोपालपुर मठ के पास से दबोचा गया था। पुलिस गिरफ्तार विकास से पूछताछ कर रही है। अन्य नामजदों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। वहीं, इस मामले को लेकर रामकृपाल यादव ने बताया कि हमारे काफिले पर हमला राजद के लोगों के द्वारा कराया गया। यह निंदनीय है। लोकसभा चुनाव में हार को देखकर बौखलाहट में इस तरह की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। लेकिन इससे कुछ नही बिगड़ने वाला है। जनता ने मन बना लिया है कि देश और बिहार में भाजपा की सरकार बनेगी।

# बैंकर्स और बेकरी वाले के फ्लैट में लाखों की चोरी, मतदान करने के लिए गए थे सभी

**एजेंसी, पटना।**

पटना के रूपसपुर थाना क्षेत्र के बिरला ओपेन माइंड के पास मानसरोवर रोड नंबर 9 में स्थित एक मकान के दो फ्लैट में भीषण चोरी हुई है। पीड़ित बेकरी संचालक अमन कुमार ने बताया कि बीवी उनकी मायके गई हुई थी। पूरा मकान खाली था। मकान में तीन फ्लैट है। मकान मालिक भी नहीं थे, ऊपर के फ्लैट वाले भी नहीं थे। मुख्य दरवाजे की चाबी सबके पास एक एक थी। 1 जून को वो मतदान करने अपने बूथ पर गए थे। उनकी बीवी मायके से लौटकर बेकरी पर चाबी के इंतजार में रुकी हुई थी। मतदान करने के बाद अमन जब बीवी के साथ बाइक से मकान पर आए तो देखा कि मुख्य दरवाजा पर ताला लटका हुआ है। अंदर से गेट बंद है। जब वो अंदर झांककर देखे तो ग्राउंड फ्लोर पर स्थित इनके फ्लैट का दरवाजा टूटा हुआ था। इसके बाद अमन पूरी तरह से घबरा गए।

**डेढ़ घंटे बाद आई पुलिसः** आसपास के लोगों से मदद की गुहार लगाई। सबके दरवाजे पर गए गेट खटखटाया। लेकिन किसी ने मदद नहीं



की। इसके बाद अमन ने अपने परिचित को कॉल कर के इसके बारे में बताया। परिचित ने रूपसपुर थाने का नंबर दिया। बहुत कोशिश के बाद थाने के नंबर पर कॉल नहीं लगा तो परिचित ने डायल 112 से सहायता मांगने की सलाह दी। उनके बताए अनुसार अमन ने डायल 112 पर कॉल किया। लगातार मदद की गुहार लगाते रहे। बार बार कॉल करते रहे। लेकिन डेढ़ घंटे के बाद डायल 112 की टीम घटनास्थल पर पहुंची।

♦ कैश समेत बर्तन भी ले गए

**फ्लैट से लाखों की चोरीः** अमन ने बताया कि बीवी एक ज्वेलरी दुकान में काम करती है। घर पर करीब 180000 रुपए कैश, शादी का बर्तन, शादी के गहने थे। जिसकी कुल कीमत लगभग 7 लाख रुपए थी। सब चोरी हो गई है। कुछ नहीं बचा है।

**दूसरे फ्लैट में भी चोरीः** अमन ने बताया कि इसी मकान के दूसरे फ्लैट में भी चोरों ने हाथ साफ किया है। यह फ्लैट मकान मालिक का है। मालिक बैंकर हैं। पटना से बाहर रहते हैं। उनके फ्लैट में भी कुछ नहीं बचा है। अभी मकान पर पूरा परिवार पहुंचा है।

**ऊपर वाले फ्लैट में कुछ नहीं कियाः** अमन के मुताबिक चोरों ने ऊपर वाले फ्लैट में कुछ नहीं किया है। केवल ताला काटकर छोड़ दिया है। अमन ने इस फ्लैट के रहने वाले लोगों पर शंका भी व्यक्त किया है। रूपसपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि चोरी हुई है। घर अंतिम छोर पर है।

# अपहरण समेत कई कांड के 32 अभियुक्त गिरफ्तार

**एजेंसी, हाजीपुर।**

वैशाली पुलिस अधीक्षक हरकिशोर राय के आदेश पर आर्म्स एक्ट अपहरण कांड समेत हत्या के प्रयास करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही पुलिस ने विभिन्न कांडों में फरार चल रहे कुल 32 अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करने के बाद सभी को जेल भेज दिया है। वैशाली पुलिस अधीक्षक हरकिशोर राय ने बताया कि आर्म्स एक्ट मामले में एक को गिरफ्तार किया गया है। जबकि, अपहरण कांड मामले में दो , हत्या के प्रयास करने मामले में एक, चोरी करने मामले में भी गिरफ्तारी हुई है। इसके साथ ही विभिन्न कांड के फरार चल रहे हैं 19 वारंटी को अरेस्ट किया गया है। उत्पाद अधिनियम मामले में चार जबकि अन्य कांड में एक को गिरफ्तार किया गया है। वहीं,



वैशाली में आरोपियों को भेजा गया जेल, 20 मामलों में फरार चल रहे वारंटी के घर कुर्की वारंट

शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने को लेकर पुलिस की विषय छापेमारी अभियान के दौरान 144 लीटर देसी और 332 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई है। इसके अलावा पुलिस ने वहां चालकों से भी 63000 का जुर्माना वसूल किया है। जबकि, 20 कांड मामले में फरार चल रहे अभियुक्तों के घर की कुर्की वारंट निष्पादित कर दिया गया है।

# आर्म्स एक्ट मामले में फरार आरोपी अरेस्ट, हथियार बरामद

**एजेंसी, हाजीपुर।**

वैशाली पुलिस ने आर्म्स एक्ट मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसपर आरोप है की ग्रामीणों को गलत मुकदमे में फंसाने के लिए पिता ने ही अपनी बेटी को पैर में गोली मारकर घायल कर दिया था, लेकिन वो खुद ही फंस गया। घटना बीते 31 मई बिदुपुर थाना क्षेत्र के जुड़ावनपुर गांव की है। इस संबंध में बिदुपुर थाना अध्यक्ष सह इन्स्पेक्टर अरूण कुमार को सूचना मिला था कि बिदुपुर थाना कांड संख्या 269/24 का आरोपी अनिल राय पिता देवनाथ राय ने अपनी पुत्री के पैर में गोली मार दिया है और भाग कर गोखुलपुर दियारा में छिपा है।

**गोखुलपुर दियारा से पकड़ा गया आरोपीः** उक्त मामले के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए थानाध्यक्ष बिदूपुर द्वारा सशस्त्र बल के साथ गोखुलपुर दियारा



स्थित उक्त झोपड़ी की घेराबंदी की गई। तभी पुलिस की आहट मिलते ही अनिल राय भागने लगा जिसे सशस्त्र बल एवं चौकीदारों की मदद से पकड़ लिया गया। पकड़ाए व्यक्ति की तलाशी लेने के क्रम में उसके पास से एक लोडेड देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस व एक मोबाइल बरामद किया गया। इस घटना को लेकर बिदुपुर थाना कांड संख्या 275/24 धारा-25 (1-b) a/26 आर्म्स एक्ट दर्ज कर अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

# पाटलिपुत्र के सतपरसा गांव में एक भी वोट नहीं पड़े

## ग्रामीणों ने कहा- 30 साल से कोई विकास नहीं हुआ, सड़क-स्कूल तक नहीं है, किसी ने नहीं सुनी

**एजेंसी, पटना।**

पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र में मसौढ़ी स्थित सतपरसा गांव के बूथ संख्या 267 पर 700 वोटरों ने वोट का बहिष्कार किया। इस बूथ पर एक भी वोट नहीं पड़े। रोड और स्कूल की मांग को लेकर लोगों ने वोट नहीं डाला। ग्रामीणों का कहना है कि 30 साल से कोई विकास नहीं हुआ है। विधानसभा चुनाव में भी जनप्रतिनिधियों को सबक सिखाएंगे।

**गांव में स्कूल और रोड तक नहीं हैः** सतपरसा गांव के साथ पंचायत भी है। इस पंचायत में 18 गांव शामिल है, जिसमें 6 हजार से अधिक आबादी है। इस गांव में स्कूल नहीं है। स्कूल बनाने के बजाय उसे दूसरे पंचायत में शिफ्ट कर दिया। ग्रामीण सतेंद्र शर्मा ने बताया कि गांव के बच्चे रामपुर



पंचायत पढ़ने जाते हैं। हर हमेशा बच्चों की चिंता रहती है। गांव दर्धा नदी के तटबंध से घिरा है। नदी में बाढ़ आने पर पूरा गांव डूब जाता है।

**हमलोगों के लिए किसी ने नहीं सोचाः** लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि सरकार ने कभी हमलोगों के लिए नहीं सोचा। बीडीओ, सीओ से लेकर उच्च अधिकारियों तक गुहार लगा चुके हैं, लेकिन आज दिन तक कोई सुनवाई नहीं हुई। हमलोगों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। यही नहीं गांव में ना कोई पंचायत भवन है और ना ही कोई सामुदायिक भवन। सड़क की भी हालत खराब है। इमरजेंसी में एंबुलेंस का आना मुश्किल हो जाता है। शादी समारोह के लिए दूसरे गांवों में जाना पड़ता है।

**आश्वासन के सिवा कुछ भी नहीं मिलाः** ग्रामीणों ने बताया क पहले ये बाढ़ संसदीय क्षेत्र का हिस्सा था। नीतीश कुमार जब सांसद बने तब भी इसका विकास नहीं हुआ। बाद में परिसीमन में ये पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र में आ गया था। बीजेपी से रामकृपाल यादव दो बार से सांसद हैं और तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया था कि सब ठीक हो जाएगा, लेकिन कुछ नहीं हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### कठघरे से भागे दुष्कर्म के दोषी ने किया सरेंडर

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** रिश्ते की नाबालिग बहन से दुष्कर्म के मामले में दोष सिद्ध होने के बाद शुक्रवार को कोर्ट के कठघरे से भागे दोषी बोचहां इलाके के सुनील महतो ने शनिवार को कोर्ट में आकर सरेंडर कर दिया। उसने कोर्ट को बताया है कि वह एक गंभीर बीमारी से ग्रसित है। कोर्ट ने फैसले में उसे जेल भेजने के लिए कहा था। उक्त बीमारी की दवा वह लेकर नहीं आया था। इसलिए वह भाग कर दवा लाने चला गया था। घर से दवा लेने में देर रात हो गई थी। इसलिए कोर्ट नहीं आया। अगले दिन कोर्ट में आकर सरेंडर कर रहा हूं। सरेंडर करने के बाद उसे कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। छह जून को मामले में सुनवाई होगी। विशेष लोक अभियोजक नरेंद्र कुमार ने बताया कि घटना नौ दिसंबर 2013 की है। पीड़िता के बयान पर बोचहां थाना में 27 मार्च को एफआईआर दर्ज की गई थी। इसमें पीड़िता ने पुलिस को बताया था कि नौ दिसंबर 2013 की रात करीब 12 बजे सुनील अपने वाहन चालक चकअब्दुल गांव निवासी रंजीत पासवान को लेकर घर में घुस गया। उसने चाकू निकालकर हत्या की धमकी दी। रंजीत चाकू लेकर खड़ा रहा और सुनील ने दुष्कर्म किया। इसके बाद दोनों ने धमकी दी कि इसकी चर्चा किसी से की तो हत्या कर देंगे। पुनः 24 मार्च 2014 की रात में सुनील घर में घुस गया। मुंह दबाकर ले जा रहा था तभी पांव से किंवार में झटका लगा। आवाज पर मां जग गई। शोर मचाने पर सुनील ने मां को गिरा दिया और फरार हो गया। पीड़ता ने पुलिस को बताया था कि सुनील के दुष्कर्म के बाद वह गर्भवती हो गई।

### माही के भाई का मोबाइल जब्त, नानी से पूछताछ

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** नगर थाने की पुलिस ने मथुरा में रेल से कटकर जान देने वाली तीन किशोरियों में शामिल माही के भाई के मोबाइल को जांच के लिए जब्त किया है। उसके पिता मनोज सहनी और नानी से भी नगर थाने की पुलिस ने घंटों पूछताछ की। माही के पिता ने पुलिस को बताया था कि वह बेटी को अखाड़ाघाट रोड में छोड़कर लालगंज चले गए थे। लेकिन, उसके मोबाइल का टॉवर लोकेशन काफी देर तक अखाड़ाघाट रोड में ही रहा। इसको लेकर मनोज से काफी देर तक पूछताछ की गई। बालूघाट इलाके से गायब युवक के संबंध में भी पुलिस को किशोरियों के परिजनों ने जानकारी दी है।

### मारपीट में दो महिला सहित चार घायल

**भागलपुर/कहलगांव , एजेंसी।** अंतीचक और सनोखर थाना क्षेत्र में दो पक्षों के बीच जमीनी और आपसी विवाद के मारपीट में दो महिला समय चार लोग घायल हो गये। सनोखर थाना क्षेत्र के शाहुपाड़ा गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में घायल हुई सोनू दास की पुत्री रजनी कुमारी एवं ऋषिचंद दास के पुत्र चंदन कुमार दास का उपचार अनुमंडल अस्पताल में कराया गया है। अंतीचक थाना क्षेत्र के नंदगोला गांव में जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में घायल हुई संजय चौधरी की पत्नी पारो देवी एवं विशेश्वर चौधरी के पुत्र अंकित कुमार का उपचार अनुमंडल अस्पताल में कराया गया है। अभी तक दोनों मामले थाना में मुकदमा हेतु आवेदन नहीं दिया है।

### नगर आयुक्त ने जनता दरबार में 15 लोगों की सुनी फरियाद

**गया , एजेंसी।** नगर निगम कार्यालय में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया इस दौरान नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए 15 फरियादियों की फरियाद सुनी। जनता दरबार में आए हुए लोग जन्म, मृत्यु निबंधन, पेंशन, होल्डिंग टैक्स, अतिक्रमण, अनाधिकृत निर्माण नाला निर्माण आदि समस्या को नगर आयुक्त के सामने रखा। नगर आयुक्त ने गंभीरता पूर्वकों की शिकायतों को सुनने के बाद उनके आवेदनों को संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मचारी को आगे की कार्रवाई के लिए निर्देश दिया।

### तालाब में गोताखोरों से हत्या का सबूत तलाश करवाया

**भागलपुर/सबौर, एजेंसी।** बाईपास थाना क्षेत्र के मुखेरिया तालाब में सेंट टेरेसा के छात्र मनीराज कुमार की हत्या कर शव फेंक देने के मामले में पुलिस विगत चार दिन से अनुसंधान कर रही है। इसको लेकर शनिवार को एसडीएम धनंजय कुमार बाईपास थाना पहुंचे और डीएसपी विधि व्यवस्था से चंद्रभूषण से दो घंटे तक बातचीत कर मुखेरिया तालाब घटनास्थल पहुंचे जहां गोताखोरों से पानी में तलाशी करवाई गई।

# पटना यूनिवर्सिटी के छात्र ने जीता गोल्ड मेडल अंतराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में बाजी मारी

## जाबीर अंसारी ने 75 किलो कैटेगरी में लाया पहला स्थान



**पटना, एजेंसी।** पटना यूनिवर्सिटी इन दिनों सुर्खियों में बना हुआ है। एक ओर जहां हर्ष हत्याकांड ने पीयू के दामन में दाग लगाया है, वहीं दूसरी ओर कराटा के खिलाड़ी जाबीर अंसारी ने इसका मान बढ़ाया है। दरअसल, जाबीर ने नेपाल में आयोजित 10वें अंतराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल कर देश का मान बढ़ाया है। उन्होंने कुमिते इवेंट में 75 किलोग्राम कैटेगरी में पहला स्थान प्राप्त किया है। दूसरे स्थान पर नेपाल और भूटान रहा।

इस प्रतियोगिता में 7 देश के खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, भूटान, अफगानिस्तान और नेपाल शामिल था। जाबीर ने अपना पहला मुकाबला नेपाल से खेला ओर उसको हराते हुए फाइनल में जगह बनाई। दूसरी तरफ से भूटान के खिलाड़ी फाइनल में जगह बना लिए थे। जाबीर का मुकाबला भूटान से हुआ और अंतिम समय में जाबीर ने भूटान को हराते हुए देश के लिए स्वर्ण पदक जीत लिया।

### रोज 6 से 8 घंटे का करते थे कठिन अभ्यास

जाबीर ने बताया कि वह अपने कोच राहुल कुमार के साथ रोज 6 से 8 घंटे का कठिन अभ्यास करते थे। झाझा जमुई निवासी जाबीर ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी चैंपियन हैं। पिछले साल उन्होंने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में 188 यूनिवर्सिटी को पछाड़ कर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया था। फिलहाल जाबीर पटना कॉलेज में पढ़ाई कर रहे हैं, पर उनकी पहचान एक कराटे खिलाड़ी के रूप में ज्यादा है।

### अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जीत चुके हैं कई मेडल

जाबीर राज्य स्तर से लेकर राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रदर्शन के आधार पर कई पदक और पुरस्कारों से सम्मानित हो चुके हैं। वह लगातार छः बार बिहार स्टेट कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता रह चुके हैं। उन्होंने दो बार राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में रजत और कांस्य पदक जीता। इसके साथ ही वह पूर्वी जोनल कराटे प्रतियोगिता में कांस्य पदक और अंतर विश्वविद्यालय कराटे प्रतियोगिता में कांस्य पदक विजेता रह चुके हैं। जाबीर कई अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवा चूके हैं। वह दक्षिण एशियाई कराटे प्रतियोगिता में रजत पदक विजेता रह चुके हैं। इसके साथ ही उनकी भागीदारी अलग-अलग देशों में आयोजित विश्व कराटे सिरिज में तीन बार रह चुकी है।

### कुजापी में ट्रक और ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर, हादसा टला,

**गया, एजेंसी।** चंदौती थाना के कुजापी में शनिवार को एक बड़ी हादसा टल गया। अपराह्न 3 बजे एक ट्रक और ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद वहां ऑफर तफरी का मौहल बन गया। ट्रैक्टर चालक मामूली रूप से जख्मी हो गया है। इलाज के लिए उसे मगध मेडिकल कॉलेज भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक टेकारी की ओर से तेज रफ्तार में आ रही थी। इस क्रम में कुजापी के पास विपरीत दिशा से आ रही मिट्टी लोड ट्रैक्टर से सीधी टक्कर हो गई। ट्रक पहले एक ठेला को रौंदते हुए पार किया फिर ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मारा। इसमें ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मौका पाकर ट्रक चालक फरार हो गया। इसमे ट्रैक्टर चालक जख्मी हो गया। जिस वक्त दुर्घटना हुई। उस वक्त वहां काफी लोगों का आना जाना लगा था। हादसा टल गया वरना बड़ी हादसा हो सकती थी। चंदौती थानाध्यक्ष रणविजय सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर चालक इलाजरत है। उसकी हालत सुधार में है। वहीं दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहन को जब्त कर लिया गया है।

**मां बोली- स्टेशन पर दिखें, ट्रेन से कहीं चले गए**

## पिता ने डांटा..तीन भाइयों को लेकर निकल गई बहन: वैशाली में 4 बच्चे लापता



**हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी।** वैशाली में पिता के डांट के बाद 4 बच्चे घर से लापता हो गए। बताया जाता है कि पिता ने बच्चों को पढ़ाई को लेकर डांट लगाई थी। उसके बाद बड़ी बहन अंजली (13) अपने तीन छोटे भाइयों ओम कुमार(8), शिवम कुमार(5) और कृष कुमार(3) को लेकर घर से निकल गई। खोजबीन के दौरान पता चला कि चारों ट्रेन से कहीं निकल गए हैं। घटना शुक्रवार की सदर थाना क्षेत्र के बलवा कुवांरी गांव की है। पीड़ित का मां का कहना है कि वो लोग चाय-नाश्ते की दुकान चलाते हैं। उनके पांच बच्चे हैं। बच्चों के पिता दीपक साह ने बच्चों को पढ़ाई नहीं करने पर डांट लगाई थी। उसके बाद पति-पत्नी एक और बच्चे को लेकर दुकान पर चले गए थे।

12 बजे जब मां किरण देवी घर लौटी तो देखा कि चारों बच्चे घर पर नहीं हैं। इसके बाद उनकी खोजबीन शुरू की गई। गांव में सभी जगहों पर खोजा गया, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला। घरवालों ने रिश्तेदारों को भी फोन करना शुरू किया, लेकिन वहां भी उनके बच्चों से जुड़ी कोई जानकारी नहीं मिली। खोजबीन करने पर बाद लोगों ने बताया कि सभी घोसवर स्टेशन की तरफ देखें गए थे। इसके बाद परिजन घोसवर स्टेशन पर गए। वहां स्टेशन मास्टर से पूछा तो उन्होंने बताया कि एक पैसेंजर ट्रेन लगी हुई था। चारों बच्चे पैसेंजर ट्रेन में बैठकर निकल गए। इसके बाद घर वालों ने सदर थाना में बच्चों के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई। सदर थानाध्यक्ष अरविंद प्रसाद ने बताया कि चार बच्चों के गायब होने की प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। आसपास में लगे सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है।

## पाटलिपुत्र के सतपरसा गांव में एक भी वोट नहीं पड़े

**ग्रामीणों ने कहा- 30 साल से कोई विकास नहीं हुआ, सड़क-स्कूल तक नहीं है, किसी ने नहीं सुनी**



**पटना, एजेंसी।** पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र में मसौढ़ी स्थित सतपरसा गांव के बूथ संख्या 267 पर 700 वोटरों ने वोट का बहिष्कार किया। इस बूथ पर एक भी वोट नहीं पड़े। रोड और स्कूल की मांग को लेकर लोगों ने वोट नहीं डाला। ग्रामीणों का कहना है कि 30 साल से कोई विकास नहीं हुआ है। विधानसभा चुनाव में भी जनप्रतिनिधियों को सबक सिखाएंगे।

### गांव में स्कूल और रोड तक नहीं है

सतपरसा गांव के साथ पंचायत भी है। इस पंचायत में 18 गांव शामिल है, जिसमें 6 हजार से अधिक आबादी है। इस गांव में स्कूल नहीं है। स्कूल बनाने के बजाय उसे दूसरे पंचायत में शिफ्ट कर दिया। ग्रामीण सतेंद्र शर्मा ने बताया कि गांव के बच्चे रामपुर पंचायत पढ़ने जाते हैं। हर हमेशा बच्चों की चिंता रहती है। गांव दर्धा नदी के तटबंध से घिरा है। नदी में बाढ़ आने पर पूरा गांव डूब जाता है।

### आश्वासन के सिवा कुछ भी नहीं मिला

ग्रामीणों ने बताया क पहले ये बाढ़ संसदीय क्षेत्र का हिस्सा था। नीतीश कुमार जब सांसद बने तब भी इसका विकास नहीं हुआ। बाद में परिसीमन में ये पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र में आ गया था। बीजेपी से रामकृपाल यादव दो बार से सांसद हैं और तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया था कि सब ठीक हो जाएगा, लेकिन कुछ नहीं हुआ है।

### हमलोगों के लिए किसी ने नहीं सोचा

लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि सरकार ने कभी हमलोगों के लिए नहीं सोचा। बीडीओ, सीओ से लेकर उच्च अधिकारियों तक गुहार लगा चुके हैं, लेकिन आज दिन तक कोई सुनवाई नहीं हुई। हमलोगों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। यही नहीं गांव में ना कोई पंचायत भवन है और ना ही कोई सामुदायिक भवन। सड़क की भी हालत खराब है। इमरजेंसी में एंबुलेंस का आना मुश्किल हो जाता है। शादी समारोह के लिए दूसरे गांवों में जाना पड़ता है।

## 14 साल के बच्चे की सूझबूझ से टला ट्रेन हादसा, बिहार में बाघ एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त होते-होते बची



**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर में एक बच्चे की सूझबूझ से समस्तीपुर-मुजफ्फरपुर रेलखंड पर शनिवार की सुबह हावड़ा से काठगोदाम जा रही बाघ एक्सप्रेस दुर्घटना का शिकार होने से बच गयी। रेल की टूटी पटरी देख एक किशोर ने सूझबूझ का परिचय दे गमछा हिला ट्रेन को रुकवाया। जिससे रेल हादसा टल गया। करीब एक घंटा विलंब से चल रही बाघ एक्सप्रेस शनिवार की सुबह 9.44 बजे समस्तीपुर स्टेशन पहुंची। उसके बाद 10.02 बजे आगे के लिए खुली।

स्टेशन से आगे बढ़ने पर भोला टाकीज गुमटी से आगे अप लाइन पर रेल की पटरी टूटी हुई थी। उसी समय न्यू कॉलोनी निवासी मो. शकील का 14 वर्षीय पुत्र मो. शाहबाज रेल लाइन होकर अपने घर जा रहा था। उसकी टूटी पटरी पर नजर पड़ी। उसी समय स्टेशन की ओर से आ रही ट्रेन भी दिखी। उसने अपने गले में लपेटा रंगीन गमछा हिलाना शुरू कर दिया। उसे गमछा हिलाते देख ट्रेन के चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाया तब तक ट्रेन की तीन बोगी टूटी पटरी पार कर चुकी थी। ट्रेन रोकने के बाद लोको पायलट विद्यासागर नीचे उतरे और किशोर से गमछा हिलाने का कारण पूछा तो उसने पटरी टूटी होने की जानकारी दी। तब तक ट्रेन के गार्ड अरुण कुमार दुबे भी पहुंच चुके थे। लोको पायलट व गार्ड ने टूटी पटरी देखने के बाद विभाग को सूचना दी। जिसके बाद ट्रैक मेंटनेंस टीम पहुंची और पटरी की मरम्मत की। तब ट्रेन आगे बढ़ी। मरम्मत के कारण ट्रेन करीब 45 मिनट रुकी रही।



## जमीनी विवाद में चली गोली, पांच लोग घायल

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर-कटिहार सीमा के मनिहारी थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। घटना में गोलीबारी होने की भी बात सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार दो लोगों के कान के पास से गोली निकली है। हालांकि दोनों की जान बच गई है। जबकि पांच लोग मारपीट में घायल है। सभी का इलाज भागलपुर के पिरपेंती रेफरल अस्पताल में चल रहा है। घायलों में कैलाश ठाकुर, सुजीत कुमार, सुभाष कुमार, रितेश कुमार और दिलीप ठाकुर शामिल है। लोगों का कहना है कि जमीनी विवाद को लेकर छह माह पहले भी इन लोगों के बीच मारपीट हुई थी। घायल सुभाष ठाकुर ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर परिवार के लोगों ने ही गोली चलाई है। हम लोग जैसे ही घर से बाहर निकले उन लोगों ने हमला कर दिया। घटना में दो लोगों को गोली लगी है। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में लग गई है।

## लू लगने से व्यापारी की मौत:किसी काम के लिए घर से बाहर निकले थे, हीट स्ट्रोक से बिगड़ी थी सेहत

**आरा (भोजपुर), एजेंसी।** शहर के टाउन थाना क्षेत्र के महाजन टोली नंबर एक मोहल्ले में शनिवार को लू-लगने से एक व्यापारी की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक टाउन थाना क्षेत्र के महाजन टोली नंबर एक वार्ड नंबर 22 निवासी स्वर.अशोक कुमार सिन्हा के 50 वर्षीय पुत्र अनूप सिन्हा उर्फ़ अप्पू हैं एवं वह पेशे से व्यापारी थे।

### क्या बोले परिजन

इधर मृतक के परिजन ने बताया कि वह कई वर्षो से महाराष्ट्र के पुणे में रहकर अपने पिता के साथ व्यापार करते थे। करीब छह महीने से वह यहां रहते थे। हीट-स्ट्रोक के कारण उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। इसके बाद परिजन अभी उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के लिए सोची रहे थे। इसके बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। इसके पश्चात परिजन द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। जबकि पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृत एक की मौत लू-लगने के कारण होना प्रतीत होता है। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाई व चार बहन में दूसरे स्थान पर थे। मृतक ने शादी नहीं की थी। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।

## स्पेशल अभियान में 18 गिरफ्तार:भोजपुर पुलिस चला रही थी अभियान, कई मामलों में हैं आरोपी



**आरा( भोजपुर), एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांडों में वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी व शराब बरामदगी को लेकर चलाए गए छापेमारी अभियान में 18 पकड़े गए । इसमें हत्या में एक, लूट में दो, खनन में दो, वारंट में आठ, शराब में पांच पुलिस के हत्थे चढ़े है। अभियान के दौरान नौ शराब भट्ठियों को तोड़ा गया। 300 लीटर देसी शराब बरामद किया। करीब 23 वारंटों का निष्पादन किया गया। करीब 574 वाहनों की जांच की गई। 95 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया।

**अवैध खनन में दो गिरफ्तार :** सहार थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट में एक आरोपित परमात्मा राय को धर दबोचा। पकड़ा गया आरोपित पेरहाप गांव का निवासी है। संदेश थाना पुलिस ने लूट के मामले में एक बाइक व तीन मोबाइल के साथ दो को धर दबोचा। संदेश पुलिस ने चिल्होस निवासी जितेन्द्र कुमार व रेपुरा निवासी अमरनाथ चौधरी को पकड़ा है। तीस मई को लूट की घटना घटित हुई थी। संदेश व इमादपुर पुलिस ने अवैध खनन में दो को धर दबोचा।

**आर्म्स एक्ट मामले में भी गिरफ्तारी :** करनामेपुर थाना की पुलिस ने हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। अजीमाबाद थाना पुलिस ने रंगदारी से जुड़े मामले में दो आरोपितों को धर दबोचा। हसन बाजार ओपी पुलिस ने हत्या के प्रयास में एक को गिरफ्तार कर लिया। जगदीशपुर पुलिस ने हत्या के प्रयास मामले में एक को धर दबोचा। तरारी पुलिस ने हत्या के प्रयास से जुड़े मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है

# गंडक में दो बच्चे डूबे नहाने के दौरान हुई घटना

चाणक्यभूमि बैरिया

बैरिया थाना क्षेत्र के आसाराम पटखौली के नजदीक बाथना घाट के समीप गंडक नदी में नहाने के क्रम में दो बच्चे डुब गए, ।घटनास्थल पर उपस्थित लोगों से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि दोनों लड़के मियांपुर तिलंगही से नहाने के लिए घाट पर आए हुए थे और नहा रहे थे। अचानक दोनों बच्चे गहरे पानी में डुब गए। उन लड़कों के साथ और लड़के जो नहाने आए हुए थे उन लोगों ने बताया कि वे तैरना नहीं जानते थे एक बच्चा जब डूब रहा था तो दूसरा बच्चा उसे बचाने गया और वह भी डूब गया। पूछे जाने पर बताया की पहले का नाम तिलंगही वार्ड नंबर 3 निवासी



इम्तियाज अहमद का पंद्रह वर्षिय पुत्र जफर अहमद तथा हैदर अंसारी का 13 वर्षिय पुत्र जाहिद अहमद है। परिजनों ने बताया कि रविवार की दोपहर दस बच्चे बथना घाट पर नहाने आए थे। नहाने के क्रम में जफर अहमद का पैर फिसल गया और वह डुबने लगा।यह देख बचाने गए दुसरा लड़का भी नदी में डुब गया।साथ में नहाने आए बच्चें व स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना परिजनों व पुलिस को दी। पुलिस ने

- गंडक नदी में नहाने के दौरान दो बच्चे लापता,सूचना पर पहुंची पुलिस, एसडीआरएफ की टीम का हो रहा है इंतजार। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

डुबे बच्चों की खोजबीन में स्थानीय गोताखोरों की मदद ली। घंटों खोज बीन के बाद भी दोनों बच्चों का पता नही चला। स्थानीय पुलिस ने इसकी सूचना एसडीआरएफ की टीम को दी है।जासमाचार लिखे जाने तक गोताखोर या एनडीआरएफ का कोई टीम नहीं पहुंच पाई है। इधर घटना के बाद परिजनों में चित्कार व कोहराम मचा हुआ है।

## शनिवार की शाम आंधी बारिश से कथा स्थल पर लगा पंडाल गिरा



चाणक्यभूमि वाल्मीकिनगर

इंडो नेपाल बॉर्डर क्षेत्र में शनिवार की शाम भीषण आंधी के साथ आई बारिश ने क्षेत्र में तबाही मचा दी है। इस आंधी और पानी से सबसे ज्यादा नुकसान मोरारी बापू कथा स्थल स्थित प्रसाद पंडाल को हुआ है। वहीं वीटीआर में एक दर्जन से अधिक कीमती पेड़ धराशायी हो गए हैं। पेड़ गिरने के कारण रविवार सुबह से लगभग चार घंटे तक जंगल सफारी सहित वाल्मीकि आश्रम जाने वाले मार्ग पर आवागमन बाधित रहा। सीमावर्ती नेपाल में ट्रांसफार्मर पर पेड़ गिरने के कारण वाल्मीकिनगर गंडक प्रोजेक्ट क्षेत्र अंधेरे में डूबा रहा। विद्युत आपूर्ति बाधित होने से पेयजल संकट उत्पन्न हो गई है।इस बाबत जानकारी देते हुए रेंजर राजकुमार पासवान ने बताया कि वाल्मीकि आश्रम रोड पर पेड़ गिरा हुआ है । जिसे हटाने के लिए वन कर्मियों को लगाया गया है। देर शाम तक आवागमन शुरू हो जाएगा। वाल्मीकिनगर स्थित मौसम विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार 15 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई है। हालांकि बारिश कम हुई, लेकिन आंधी की गति ने क्षेत्र के कई गांव के घरों के छप्पर को अपने साथ उड़ा ले गए। वहीं काली मंदिर परिसर में लगाए गए चंपा फूल के पेड़ को भी आंधी ने अपने आगोश में ले लिया है।

## मौसम का बदला मिजाज, बारिश से गिरा पारा, गर्मी से मिली राहत

चाणक्यभूमि

रविवार को मौसम ने यू टर्न लिया। पूर्वानुमान के मुताबिक सुबह से नमी युक्त पुरवा हवा के साथ आसमान में घने बादल की आवाजाही लगी रही। देखते ही देखते 8:30 बजे से गरज-चमक के साथ बूंदाबंदी शुरू हो गई. इससे मौसम काफी खूशगवार हो गया। मौसम एम हुए बदलाव का असर प्रखंड के तापमान पर भी पड़ा। मौसम विभाग के मुताबिक अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री पर पहुंच गया। दिनभर मौसम के कई रंग दिखे। सुबह में हवा संग बारिश से तपिश झेल रहे प्रखंडवासी को काफी राहत पहुंची। लेकिन दोपहर में फिर से हल्की धूप निकल आयी। डेढ़ बजते-बजते लगा की अब धूप खिलेगी तो वातावरण में मौजूद नमी के कारण गर्मी से ज्यादा उमस लोगों को बेहाल करेगी। कुछ देर तक लोगों को उमस भरी गर्मी भी महसूस हुई। हालांकि आसमान में बादल उमड़ते घुमड़ते रहे जिसके चलते गर्मी के तेवर को नरम कर दिया। फिर से पुरवा हवा का रफ्तार बढ़ी और फिर से आसमान में बादल छा गये। जिससे मौसम काफी सुहाना हो गया। सुहाने मौसम होने के बाद बाजार में चहल पहल दिखी और लोगों ने मौसम का जमकर लुफ्त उठाया।






## प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने विद्यालय संचालकों से कहा मापदंड का करे पालन

चाणक्यभूमि मझौलिया

आरटीई के तहत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय के संचालक विभाग के मापदंड का शत प्रतिशत पालन करें अन्यथा उन्हे अपनी-अपनी दुकान बंद करनी पड़ सकती है अब बहाने बाजी नहीं चलेगी उक्त बातें प्रखंड शिक्षा प्राधिकारी हाफिजुर रहमान ने प्रखंड क्षेत्र में स्थित निजी विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान कहीं उन्होंने बताया कि जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं विभागीय आदेश अनुसार एमजी पब्लिक हाई स्कूल मझौलिया सरस्वती बल विद्या मंदिर पारस पकड़ी न्यू आर एल पब्लिक स्कूल पटबंधी रेजिडेंस पब्लिक स्कूल भोगड़ी समेत तिरवाह क्षेत्र के दर्जनों निजी विद्यालयों का निरीक्षण किया गया है उन्होंने स्पष्ट रूप से चेतावनी देते हुए निजी विद्यालय के संचालकों को बताया कि बिना क्यू आर कोड प्राप्त विद्यालय के आठवीं वर्ग की स्थानांतरण प्रमाण पत्र की मान्यता रद्द होने के साथ-साथ विभागीय कार्यवाही की जाएगी उन्होंने बताया कि विद्यालय के भवन वर्ग संचालन वाला कमरा बेंच डेस्क शौचालय खेल मैदान एवं संचालित हो रही विद्यालय की भूमि का ब्योरा



- आरटीई के तहत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय के संचालक विभाग के मापदंड का करें पालन अन्यथा बंद करनी पड़ सकती है दुकानः-प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मझौलिया हिफजूर रहमान

आरटीई के तहत 25% लाभ लेने वाले नामांकित बच्चों की नामांकन रजिस्टर शिक्षक छात्र का अनुपात पस्वीकृत कोड समेत विभिन्न अभिलेखों का गन निरीक्षण किया गया है निरीक्षण लगातार जारी रहेगा इसका जांच रिपोर्ट स्थापना डीपीओ समेत जिला शिक्षा कार्यालय को भेजा जाएगा वही इस निरीक्षण को लेकर मानक पूरा नहीं करने वाले विद्यालय संचालकों में हड़कंप मचा है।

## जिससे प्रेम करो उसके प्रति समर्पित हो जाओः मोरारी बापू

चाणक्यभूमि वाल्मीकिनगर

मोरारी बापू की राम कथा के दूसरे दिन भी पांडाल में भक्ति और प्रेम का ज्वार उमड़ा। प्रेम रूप अक्षयवट की व्याख्या करते हुए बताया कि प्रेम अक्षयवट का तना धीरता और वीरता है। जो धैर्य नहीं रख सकता है वह प्रेम नहीं कर सकता है।

मेरे प्रेम को सम्मान नहीं दिया जा रहा, ऐसा बोलने वाला तने की तरह मजबूत प्रेम नहीं कर सकता है।

बापू ने कहा कि वात्सल्य, स्नेह, राग, अनुराग, भक्ति, प्रणय, आसक्ति और रीति प्रेम की शाखाएं है जिससे होते प्रेम आगे बढ़ता है।

बड़ों का छोटों के प्रति वात्सल्य, स्नेह, प्रभु के प्रति भक्ति प्रेम की शाखाएं हैं।

प्रेम ही इस भवसागर से पार उतारने वाला एकमात्र उपाय है। प्रेमी बैरागी होता है, जिससे आप प्रेम करते हैं, उस पर न्यौछावर हो जाते हैं। त्याग और वैराग्य सिखाना नहीं पड़ता। प्रेम की उपलब्धि ही वैराग्य है। जिन लोगों ने प्रेम किया है, उन्हें वैराग्य लाना नहीं पड़ा।

- राम कथा में दस हजार की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु किया राम कथा का रसपान पंडाल में भक्ति और प्रेम का ज्वार उमड़ा

जिन लोगों ने केवल ज्ञान की चर्चा की, उनको वैराग्य ग्रहण करना पड़ा, त्यागी होना पड़ा, वैराग्य के सोपान चढ़ने पड़े। कभी गिरे, कभी चढ़े लेकिन पहुंच गए।

प्रेम में वैराग्य निर्माण करने की शक्ति है।

भक्ति का अर्थ है जिसको तुम प्रेम करते हो उसके इच्छानुकूल रहो, यही भक्ति है। अपना सब कुछ भूल कर सिर्फ साध्य के लिए ही समर्पित होना भक्ति है। सच्ची भक्ति व्यक्ति और ईश्वर को इस तरह एक दूसरे में समाहित कर देती है कि आपमें ईश्वर की छाया दिखाई देने लगती है। ये भक्ति का ही असर था कि मीरा ने हंसते-हंसते सब कुछ सह लिया। सच्चा भक्त ईश्वर में सबको और सबमें ईश्वर को देखता है।

प्रभु भक्ति करनी हो तो मीरा की तरह करो या प्रभु से प्रेम करना हो तो ब्रज गोपिका की तरह करो। मीरा की ईश्वर भक्ति सबसे श्रेष्ठ है।

वाल्मीकिनगर के गंडक बराज के समीप प्रख्यात कथा वाचक मोरारी बापू के कथा के दूसरे दिन भी जारी रहा। कथा श्रवण के लिए नेपाल उत्तर प्रदेश और बिहार के विभिन्न जगहों से करीब दस हजार की संख्या में लोग पहुंचे।मोरारी बापू ने अपनी कथा की शुरुआत में कहा कि वाल्मीकि रामायण सभी ग्रंथों में प्रधान है, इसलिए साधु संतों द्वारा सबसे पहले आरती श्री रामायण जी की गायी जाती है। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि और तुलसी का रूप अलग है, परंतु स्वरूप एक है। जो बातें महर्षि वाल्मीकि ने रामायण में लिखी है, उसी बात को गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस में भी वर्णित किया है। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस एक अद्भुत दर्पण है, जिसमें सकल मानव का चेहरे का पता चलता है। इसलिए प्रेम रामायण और रामचरितमानस से करो, जिसमें केवल राम और सीता समाहित हैं। राम काया है,तो सीता छाया।

**हम दीक्षा नहीं दिशा देने आए हैं** -: मोरारी बापू ने अपने 937 वीं राम कथा के दौरान श्रोताओं को बताया कि हम दीक्षा देने वाले नहीं हैं।हम आपको दिशा बताने आए हैं, ताकि आपको राम भक्ति का मार्ग दिख सके।जो भी भक्त यहां आए हैं, उन्हें मैं दीक्षा नहीं दिया, केवल दिशा बताई। जिसके कारण वे मेरे अनुयायी बन गए हैं। राम को बस में करने के लिए अपना रूख हनुमान के तरफ करो राम स्वयं मिल जाएंगे। क्योंकि राम का अनुराग भक्तों के लिए असीमित है। उनसे मिलने के लिए हनुमान से आदेश लेना जरूरी होता है।

**होटलों के आरक्षित होने से अन्य पर्यटकों की बढ़ी परेशानी** -: मोरारी बापू के राम कथा में आए हुए देश के विभिन्न हिस्सों के श्रद्धालुओं के लिए वाल्मीकिनगर सहित नेपाल के सभी होटलों को आरक्षित हो जाने से,कथा सुनने एवं भ्रमण पर आने वाले अन्य पर्यटकों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।बताते चलें कि बापू के 9 दिवसीय राम कथा कार्यक्रम में महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से लगभग 2000की संख्या में अनुयायी पहुंचे हैं, जिनके रहने खाने की व्यवस्था श्री राम कथा प्रेम यज्ञ समिति के द्वारा किया गया है।












# विद्यालय में जलाई गई सरकारी दवा ग्रामीणों ने किया हंगामा

चाणक्य भुमि योगापट्टी

योगापट्टी प्रखंड के मच्छरगांवा नगर पंचायत के राजकीय प्राथमिक विद्यालय धनुष टोली चमार टोली विद्यालय के परिसर में बिना एक्सपाएर हुए सरकारी दवा को जलाएं गए दवा से नाराज ग्रामीणों ने रविवार को विद्यालय में पहुंच कर घंटों हंगामा किया। वहीं स्थानीय ग्रामीण प्रभु साह, रामेश्वर महंतों, महंथ महंतों , फरिन्द्र महंतों ,भिखारी राउत



भिम राम खेदू यादव सविता देवी अनिता देवी,लालसा देवी ,पुनम देवी, बबीता देवी ने बताया कि विद्यालय के प्रागंण में कचड़ा में विद्यालय के प्रधानाध्यापिका द्वारा फोरस सल्फेट सरकारी दवा को कचड़ा में जलाएं गए । वहीं दवा जलाई गई दवाई एमएफ जी 12/2022 और एक्सपायर डेट 11/24 लिखा हुआ है।जिसका सूचना पर पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष अश्वनी कुमार ने मामला को शांत कराया। वहीं प्रधानाध्यापक कुमारी आभा प्रवीन ने बताया कि विद्यालय के चारदीवारी निचे होने व मुख्य गेट नहीं होने के कारण गांव के ही असमाजिक तत्वों के द्वारा कचड़ा जलाएं गए राख पर सरकारी फोरस सल्फेट दवा फेंक दी गई थी । जों ग्रामीणों द्वारा आरोप लगाया जा रहे हैं वह बेबुनियाद है। वहीं 17 जून 23 को मच्छरगांवा नगर पंचायत स्थित तिरहुत उप वितरणी नहर में बोरा में कसकर फोरस सल्फेट फोलिक एसिड ट्रैब्लैट्स और आईं भी भारी मात्रा में दवा फेंकी गई थी। लेकिन स्थानीय स्वशासन विभाग की द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई।

## दो बाइकों की टक्कर में चार लोग घायल,एक महिला की मौत

चाण्क्य भूमि मैनाटांड

इंडो नेपाल बार्डर सड़क पर बसंतपुर एसएसबी कैंप से पश्चिम दो बाइकों की हुई टक्कर में एक महिला समेत चार लोग घायल हो गये।घटना शनिवार की शाम की है। मिली जानकारी के अनुसार रमपुरवा गांव निवासी अमित पांडेय इनरवा से अपने घर रमपुरवा लौट रहे थे। वहीं इनरवा निवासी सूरज यादव,विजय कुशवाहा और जागेश्वर साह की पत्नी सरस्वती देवी (60 वर्ष)एक बाइक से मैनाटाड़ से अपने घर इनरवा वापस हो रहे थे।इसी दौरान बसंतपुर एसएसबी कैंप से पश्चिम इंडो नेपाल बार्डर सड़क पर दोनों बाइकों की टक्कर हो गयी। टक्कर के बाद दोनों बाइक पर बैठे उक्त चारों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। बाइकों की टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। वहीं राहगीरों और परिजनों के द्वारा घायल उक्त चारों लोगों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर चारों का प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज हेतु जीएमसीएच रेफर कर दिया गया। जहां पर रमपुरवा के अमित पांडेय,इनरवा के सूरज यादव और विजय कुशवाहा का इलाज चल रहा है। वहीं सरस्वती देवी की मौत हो गयी।परिजन बिना पोस्टमार्टम कराये शव को लेकर घर आये और अंतिम संस्कार कर दिया।इधर मैनाटाड़ थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। मामले में आवेदन मिलते ही कारवाई की जायेगी।











## पुलिस ने बड़ी घटना को अंजाम देने वाले शातिर अपराधियों की हुई गिरफ्तारी

चाणक्यभूमि बेतिया

मुफ्फसिल थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कुछ अपराधकर्मी बेतिया हजारी स्थित सब्जी मंडी मंदिर के पास इकट्ठा होकर हथियार के साथ एक बड़ी अपराध को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। उक्त सूचना को वरीय पुलिस पदाधिकारी को सूचित करते हुए एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर बेतिया विवेक दीप के नेतृत्व में टीम गठित कर पुलिस बल के साथ सूचना का सत्यापन एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए सूचना स्थल पर पहुंच घेराबंदी कर 6 अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया तथा उनके पास से एक देशी लोडेड पिस्टल, एक देशी कट्टा, एक पिस्टल का खाली




मैगजीन, 5 जिंदा कारतूस एवं दो मोटरसाइकिल बरामद किया गया तथा इस संबंध में मुफ्फसिल थाना कांड संख्या 302/ 24 दिनांक 01.06. 2024 धारा 399/ 402/ 414 भा.द.वि. एवं 25(1- बी) ए/ 26/35 शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज किया गया। वहीं अपराधकर्मियों की पहचान हिमांशु कुमार पिता हीरानंद झा, साकिन बानु छापर थाना बानूछापर ओपी, आनंद कुमार पिता मनोज यादव साकिन गोड़वा टोला थाना मुफ्फसिल, मोहम्मद साहेब जान उर्फ सीटू पिता मोहम्मद आलमगीर, साकिन नाजनी चौक थाना नगर बेतिया, कन्हैया कुमार पिता रामगिर पटेल साकिन बसवरिया थाना नगर, मोहम्मद मोजाहिद आलम पिता स्वर्गीय हसन इमाम साकिन इंदिरा चौक, कोली मुखिया उर्फ भोली पिता सकल मुखिया साकिन बानुछापर बताया गया। वही छापेमारी दल में शामिल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर बेतिया विवेक दीप, पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष मुफ्फसिल ज्वाला सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक राजीव कुमार शर्मा, दुर्गेश कुमार, परि. पुलिस अवर निरीक्षक नीतीश कुमार मौर्य, अन्नू कुमारी एवं थाना रिजर्व गार्ड रहें।

## आम-लीची के लिए वरदान साबित होगी बारिश

चाणक्य भूमि बेतिया

रविवार सुबह से मैनाटांड प्रखंड में हुई बारिश से सबसे ज्यादा बागवानी फसलों का फायदा हुआ है। उद्यान पदाधिकारी श्रीनिधि कुमार ने बताया की तेज गर्मी से आम और लीची के टिकोले गिरने लगे थे। इससे आम उत्पादकों की चिंता बढ़ गई थी लेकिन ऐन वक्त पर हुई बारिश टिकोले के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने बताया की किसानों को चाहिए मौसम का इंतिजार कर बागवानी फसलों में कीड़ें से बचाने के लिए दवा का छिड़काव करें। इधर गन्ना किसानों को यह बारिश फायदेमंद साबित होगा। और तेजी से विकास होगा।













स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714